जिला मजिस्ट्रेट जसजीत कौर ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उसके बाद 5 फरवरी को मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिन तथा 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।इसी मध्य कई परीक्षायें भी आयोजित होगी। आगामी त्यौहारों तथा परीक्षाओं के दौरान एवं अन्य मुद्दो को लेकर कुछ असामाजिक, अवांछनीय एवं स्वार्थी तत्व धार्मिक उन्माद व अफवाहें फैलाकर जनसाधारण को गुमराह करके सार्वजनिक शांति भंग करने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द्र के वातावरण को दूषित करने का प्रयास कर सकते हैं। अतः प्राप्त सूचना से सन्तुष्ट होते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आगामी 1 मार्च तक के लिए जनपद में निषेधाज्ञा लागू की जाती है।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद में निषेधाज्ञा आगामी 1 मार्च तक, यदि इससे पूर्व इसे निरस्त नहीं कर दिया जाता, प्रभावी रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। इस आदेश का अनुपालन शामली सीमा के अन्तर्गत स्थित थानों के प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सुनिश्चित किया जाएगा।

एसडी के दोनों पब्लिक स्कूल निशाने पर

अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में बनी एक और जांच कमेटी, अनुबंध की शर्तें तोड़कर एसडी ग्रुप ने किया था अतिक्रमण

● जनवाणी संवाददाता, मुजफ्फरनगर

एसडी मार्केट के बाद अब एसडी ग्रुप के अन्य शिक्षण संस्थान भी प्रशासन के शिकंजे में आ गये हैं। डीएम चंद्रभूषण सिंह ने एसडी पब्लिक स्कूल के भोपा रोड स्थित सीनियर विंग और रोडवेज बस स्टैण्ड के निकट बने जूनियर विंग की बिल्डिंग की जांच कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम बना दी गयी है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के द्वारा एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर और सीनियर विंग को लेकर मिली शिकायतों का संज्ञान लेकर जांच के आदेश दिये हैं। इसके लिए एडीएम फाइनेंस अरविन्द कुमार मिश्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई है। इसमें एडीएम फाइनेंस के साथ ट्रेजरी अफसर और एक एसडीएम को नामित किया गया है। जांच टीम को आज से ही काम करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ये दोनों बिल्डिंग भी सरकारी भूमि पर बनी होने की शिकायत मिली हैं।

डीएम से मिलकर साक्ष्य उपलब्ध कराते शिकायतकर्ता श्रीकांत त्यगी।

डीएम से मिले श्रीकांत त्यागी, घोटाले के दिये सबूत

एसडी ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रकरण में पिछले दो दशक से लड़ाई लड़ रहे शिकायतकर्ता श्रीकांत त्यागी ने मंगलवार को सुबह कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम चंद्रभूषण से मुलाकात की। उन्होंने डीएम को भोपा रोड पर एसडी पब्लिक स्कूल के बिल्डिंग सरकारी भूमि पर होने की शिकायत में नये साक्ष्य भी उपलब्ध कराये। श्रीकांत त्यागी का कहना है कि यह बिल्डिंग करीब 22.07 एकड़ सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई है। इसके साथ ही उन्होंने एसएसपी आवास के सामने इसी स्कूल के जूनियर विंग की बिल्डिंग को भी सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर बनाने की शिकायत के दस्तावेज भी बनाये। साल 2010 में इसमें शासन के द्वारा की गयी कार्यवाही के कुछ दस्तावेज भी उन्होंने डीएम को दिये हैं। उनका कहना है कि डीएम ने ये दस्तावेज एडीएम फाइनेंस के नेतृत्व में बनाई गई जांच टीम को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। वो सारे साक्ष्य टीम को देंगे। उन्होंने कहा कि एक लम्बी लड़ाई के बाद उन्हें इंसाफ की उम्मीद जगी है। डीएम चंद्रभूषण सिंह से उन्हें काफी उम्मीदें हैं।

व्यापारी चाहे तो सीधे नगर पालिका उन्हें किराये पर दे सकती है दुकानें : डीएम

मुजफ्फरनगर : जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने कहा कि एसडी ग्रुप ने अनुबंध की शर्तों को तार-तार किया है। 136 करोड़ रुपये का सरकारी नुकसान किया गया। इसे वसूल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि एसडी मार्केट के व्यापारी अगर चाहे, तो उन्हें नगर पालिका अपना किरायेदार बना सकती है। इसके लिए व्यापारियों को पहल करनी होगी। उन्होंने कहा कि दि सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन के पदाधिकारियें को 190 करोड़ रुपये के नोटिस के सम्बंध में जवाब दाखिल करने के लिए दिया गया 10 दिन का समय नैसर्गिक न्यास सिद्धांत के तहत लिया गया निर्णय है। इसमें किसी के दबाव में पीछे हटने या झुकने जैसा सवाल ही नहीं है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जो सही है, हम वो कार्यवाही करेंगे। इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को सभी तथ्यों से अवगत कराते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया गया है। मुझ पर किसी का कोई भी दबाव नहीं है। उन्होंने बताया कि एसडी पब्लिक स्कूल की भूमि की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगला कदम उठाया जायेगा। यदि भूमि सरकारी हुई और इस पर किसी का अवैध कब्जा साबित हुआ तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुए भूमि की रि एंट्री कराई जायेगी। कुछ शिकायतों के साथ हमें साक्ष्य भी मिले हैं, उनको लेकर जांच कराई जा रही है।

सरकारी भूमि पर शिक्षण संस्थाओं को मान्यता कैसे मिली, करायेंगे जांच

जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने जिले स्तर पर जांच कमेटी का गठन करने के साथ ही शासन स्तर से भी जांच कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा होने जैसे मामलों के बीच ही शिक्षण संस्थाओं को मान्यता कैसे मिली, यह भी बड़ा सवाल है? इसको लेकर उनके द्वारा प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश और उच्च शिक्षा विभाग के सचिव को भी पत्र लिखकर इन शिक्षण संस्थाओं को दी गयी विभिन्न शिक्षा बोर्ड की मान्यताओं की भी जांच कराने का आग्रह किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह मामला गंभीर है। इसमें बड़े स्तर पर धांधली और गड़बड़ी की गई है। जो भी इस सभी में शामिल रहे हैं और जिनके खिलाफ साक्ष्य मिलेगा, कार्यवाही निश्चित तौर पर कराई जायेगी।

भू-माफिया घोषित होंगे आरोपी मुकदमा भी होगा दर्ज

● जनवाणी संवाददाता, मुजफ्फरनगर

एसडी कॉलेज मार्केट प्रकरण में जिला प्रशासन की ओर से अब सम्पत्ति पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को भू-माफिया घोषित करके इनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई किये जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मामले में सत्ताधारी नेताओं ने यहां पहुंचकर ऐलान कर दिया था कि किसी का अहित नहीं होने दिया जायेगा, लेकिन जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने स्पष्ट किया है कि एसडी कॉलेज मार्केट पूरी तरह से अवैध अतिक्रमण है। एसडी कॉलेज एसोसिएशन ने अनुबंध की शर्तों का उलंघन किया है। यहां कभी कोई शिक्षण संस्थान चला ही नहीं, अनुबंध में स्पष्ट लिखा गया था कि शर्तों का उलंघन होगा, तो कोई भी पक्ष अदालत नहीं जायेगा। ऐसे में अदालत से भी राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

एसडी कॉलेज एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट की लखनऊ बैंच में इस मामले को पहुंचाया गया है। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार सदर अभिषेक शाही व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमराज को पैरवी के लिए भेजा हुआ है। दोनों अफसर अपनी टीमों के साथ हाईकोर्ट में डटे हुए है। प्रशासन ने एसडी मार्किट प्रकरण की करीब 12 बीघा भूमि को वापस लेने और उसकी रि एंट्री कराने के लिए कार्यवाही को जारी रखने के साथ ही अब दूसरे मामलों में भी जांच कराने का निर्णय लेकर सख्त संदेश देने का काम किया है। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह इस प्रकरण में सरकारी भूमि को कब्जाने वालों के खिलाफ भी बड़ी कार्यवाही करने की तैयारी में है। कहना है कि ऐसे लोगों पर आरोप साबित होने के बाद उनके नाम भू-माफियाओं के तौर पर दर्ज कराने के साथ ही उनके खिलाफ एफआईआर की भी तैयारी प्रशासन के द्वारा की जा रही है। इसके लिए कानूनी रूप से भी राय मशविरा किया गया।

शासकीय अधिवक्ताओं से राय-मशविरा के बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है। इधर, डीएम शासन में मजबूती रखने के साथ ही कानूनी रूप से भी मजबूत होने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। 190 करोड़ रुपये के नोटिस के खिलाफ दि सनातन धर्म कॉलेज एसोसिएशन के पदाधिकारी हाईकोर्ट गये तो इससे पहले ही डीएम ने प्रशासनिक पक्ष की मजबूत पैरवी के लिए सॉलिड अधिवक्ताओं का एक पैनल खड़ा कर दिया। एक जनवरी की शाम ही ईओ हेमराज सिंह और तहसीलदार सदर को हाईकोर्ट में पैरवी के लिए भेज दिया गया, जो कि यहां मजबूत पैरवी में जुटे हुए है।

अज्ञात वाहन के कुचलने से महिला की मौत, कोहराम

झिंझाना : मंगलवार को मेरठ करनाल हाईवे पर स्थित गांव म्यान कस्बा बिडौली निवासी सविता 43 वर्ष पत्नी कंवल सिंह अपने घर से किसी कार्य के लिए घेर में जा रही थी। जब महिला सविता सड़क के किनारे जा रही थी तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सविता को कुचला दिया और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में महिला सविता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। महिला सविता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,परिजनों ने दुर्घटना में कानूनी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद परिजनों द्वारा गमगीन माहौल में मृतका के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बिडौली चैकपोस्ट प्रभारी अरुण कुमार मोतला ने बताया सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला सविता की मौत हो गई। जिसमें परिजनों द्वारा कार्रवाई करने से इंकार कर दिया ओर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

ट्रैक्टर चोरी के मामले में मथुरा पुलिस की दबिश से हड़कंप

भोपा : भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की सुबह मथुरा जिले के थाना नौहझील पुलिस ने छापेमारी की जिससे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार नौहझील थाने की पुलिस गांव में चोरी हुए ट्रैक्टर की छानबीन करने आई थी। पुलिस द्वारा मोरना चीनी मिल से एक ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया तथा ट्रैक्टर मालिक से पूछताछ कर ट्रैक्टर व उसके मालिक को भी अपने साथ ले गई। चोरी के ट्रैक्टर की बरामदगी को लेकर गांव सहित पूरे क्षेत्र में हडकम्प मच गया है। पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से ट्रैक्टर की खरीद-फरोख्त होने की चर्चाएँ भी व्याप्त है। थाना प्रभारी निरीक्षक भोपा सुशील कुमार सैनी ने बताया कि मथुरा जिले के नौहझील थाना के उप निरीक्षक राकेश कुमार की टीम क्षेत्र में आई थी। जिसने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक व्यक्ति से पूछताछ की है।

पुलिस वर्दीधारियों की पिटाई से आई गंभीर चोटें

शामली : पंजाब में भट्ठे से मजदूरी कर लौट रहे मजदूरों के साथ पुलिस की वर्दी पहने 3-4 लोगों ने झिंझाना बस स्टैंड पर मारपीट की जिसमें एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा ऊन निवासी वीरेंद्र पुत्र सोहनलाल पंजाब में भट्ठे पर मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रहा है। सोमवार रात्रि करीब 11 बजे वह अन्य मजदूरों के साथ पंजाब से वापस गांव लौट रहा था। मजदूरों ने घर पहुंचने के लिए एक डीसीएम किराए पर कर रखा था। झिंझाना बस स्टैंड पर पहुंचकर सभी मजदूर किराए के पैसे इकट्ठा कर डीसीएम के ड्राइवर को देने में लगे थे। आरोप है कि तभी 3-4 पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति आये और उन्होंने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी, मना करने पर उन्होंने अपने को पुलिसकर्मी बताते हुए धरती पर लिटा कर बुरी तरह पिटाई की जिसमें वीरेंद्र पुत्र सोहनलाल को गंभीर चोट आईं हैं। इस संबंध में पीड़ित ने उप जिलाधिकारी निकिता शर्मा को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मारपीट में चार सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैराना : युवक के साथ मारपीट के मामले चार भाइयों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के गांव पावटी कलां निवासी सागर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत 26 दिसंबर को वह वह गांव के ही मोहसिन से अपने उार के 400 रुपये मांगने गया था। तभी कर्जदार ने अपने भाई दिलशाद, खुर्शीद व इरान के साथ मिलकर उसके साथ में मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

दुकानदार से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

कैराना : क्षेत्र के गांव भूरा निवासी रियासत अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र महताब गांव में ही मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है, जिसके गांव के ही दुरूदयाल पर रिपेयरिंग के रुपये बकाया है। 27 दिंसबर को रुपये मांगने पर आरोपी ने उसके पुत्र के साथ दो अज्ञात के साथ मिलकर मारपीट की।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया

कैराना : नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि वह टैक्सी चलाकर परिवार का गुजर करता है। गत 30 दिसंबर को वह गाड़ी लेकर बाहर गया हुआ था। आरोप है कि तभी उसकी 15 वर्षीय पुत्री को मोहल्ले का ही हैदर उर्फ काला बहला-फुसलाकर साथ ले गया। पुत्री घर में रखी 50 हजार रुपये की नकदी व आभूषण ले गई। पुलिस तलाश में जुट गई है।

तालाब की मिट्टी बेचने का आरोप

शामली। मंगलवार को गांव बहावडी निवासी ग्रामीणों नरेन्द्र मलिक, प्रदुमन सिंह, भोपाल सिंह, आशु ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान निर्मला देवी के पुत्र बिजेंद्र उर्फ बंटी व बसंत पर गांव में मनमाने ढंग से विकास कार्य कराने का आरोप लगाया। गांव में तालाब से निकालने वाली मिट्टी को बेचा जा रहा है। उन्होने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

संगीता नगराध्यक्ष और राधा महामंत्री मनोनीत

शामली। उपाध्याय चेतना मंच संगठन महिला विंग की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने का निर्णय लिया गया। जिला महासचिव सोनिया नागवान ने संगीता उपाध्याय को नगर अध्यक्ष, राधा उपाध्याय को नगर महामंत्री, ऊषा उपाध्याय को उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर शकुंतला उपाध्याय, बिर्जेश उपाध्याय, ममतेश उपाध्याय, विधि उपाध्याय, मितलेश, माया, संतरेश उपाध्याय आदि मौजूद रही।

डेढ़ लाख रुपये लूटने का आरोप

कांधला। जनपद गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के गांव निवासी मुमताज पुत्र कदीर ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि वह 31 दिसंबर की शाम को क्षेत्र के गांव गढ़ीदौलत निवासी महिला जुल्लो पत्नी इनाम के घर पर भैंस लेने के लिए आया था। पीड़ित का आरोप है कि महिला ने गांव के ही फारुख के साथ मिलकर पीड़ित को बंधक बना लिया और पीड़ित से डेढ़ लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने मामले की जांच की तो मामला लूट का न होकर लेनदेन का निकला। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि पीड़ित पक्ष और महिला पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। आपस में दोनों पक्षों का रुपयों का लेन देन है। लूट की झूठी तहरीर देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्व. कौशल प्रसाद की पुस्तक पुस्तकालय में सम्मिलित

कांधला। मन्दिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा स्व. बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट की जयंती पर उनकी पुण्य स्मृति में स्व. बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट स्मृति पुस्तकालय में कौशल प्रसाद कंटक पथ पर नंगे पांव पुस्तक के साथ उनके ही द्वारा संग्रहित कानूनी, सामाजिक, प्रतियोगी पुस्तकों का भंडार पुस्तकालय में सम्मिलित किया गया। ट्रस्ट के महासचिव बताया कि आज बाबूजी की जयंती पर उन पर लिखी गई पुस्तक की एक प्रति राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रमोद कुमारी को भेंट की गई और कॉलेज स्टाफ के साथ वाल्मीकि बस्ती में जाकर ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट, महासचिव डा. शिखा कौशिक और विकास द्वारा मिष्ठान का वितरण भी किया गया।

आम के 20 पेड़ काटकर किए नष्ट

कैराना। गांव बधुपुरा निवासी नसीम अहमद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गाजीपुर रोड पर उसका खेत स्थित है। जहां उसने आम का बाग भी रखा गया है। करीब चार वर्ष पूर्व लगाए थे, 20 आम के पेड़ 1/2 जनवरी की रात में अज्ञात लोगों ने नुकसान पहुंचाने की नीयत से काट दिए। उसके बाद उन्हें नष्ट करते हुए खेत में ही डाल दिया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

मुजफ्फरनगर : जनपद की फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हो गया, जिसमें अब्दुल कादिर को अध्यक्ष व नईम अहमद को महासचिव चुना गया। खतौली में हुई एक बैठक में सर्वसम्मति से निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। यहां कोषाध्यक्ष पद पर नदीम अहमद चुने गये। यूपी फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. नजमुल नबी, नेशनल जज अलताफ अहमद की मौजूदगी में यह चुनाव सम्पन्न हुआ। यहां तय हुआ कि यूपी फिटनेस व बॉडी बिल्डिंग का बड़ा कार्यक्रम जनपद में आयोजित कराया जायेगा। यहां आशुतोष सहरावत, युसुफ चौधरी, निशांत राजपूत, शाहजेब, डा. आजम, इजहार अहमद आदि मौजूद रहे।

शराब सहित दो गिरफ्तार

मीरापुर। पुलिस ने देर रात चेकिंग के दौरान गांव रसूलपुर निवासी जोगी पुत्र ताराचंद को सिकन्दरपुर गेट के समीप से 44 पव्वे तोहफा मार्का व मौहल्ला मोरी पड़ाव चौक निवासी अमित पुत्र रामकिशन को मीरापुर बाईपास से 24 पव्वे तोहफा मार्का सहित गिरफ्तार कर दोनों का चालान कर दिया है।

पर्स लूटकर दहशत फैलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

भोपा : थानाक्षेत्र के मजलिसपुर तौफिर निवासी सुशील कुमार ने बीते सितम्बर में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपनी पुत्री आरती को लेकर उसकी ससुराल तितावी थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव से वापस अपने गांव की लौट रहा था। जैसे ही वह कस्बा भोपा से मोरना के बीच युसुफपुर पुलिया पर स्थित आम के बाग के पास पहुंचा तभी पीछे से बाइक सवार दो लुटेरों ने सुशील कुमार की बाइक के पास अपनी बाइक सटाकर उसकी पुत्री से नकदी व जेवरात से भरा बैग छीन लिया था और मौके से फरार हो गए थे। पर्स में पांच हजार की नगदी, सोने की चैन, चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी चुकटी, दो जोड़ी पाजेब व लगभग दस हजार का मोबाइल बताया गया था। मुख्य मार्ग पर हुई इस लूट की घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया था। थाना प्रभारी सुशील कुमार सैनी ने बताया कि थाना भोपा पर तैनात उप निरीक्षक मोहित कुमार, हैड कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल शैलेन्द्र भाटी व रोहित राठौर ने सोमवार देर रात मुखबिर की सूचना पर मोरना पीएनबी बैंक के राजवाहे की पटरी से जुबैर उर्फ जुनैद उर्फ आरिफ पुत्र हनीफ ठेकेदार निवासी मौहल्ला तैली वाला कुआं, मुन्ना लाल मौहल्ला कस्बा व थाना मवाना जिला मेरठ हाल निवासी किरायेदार मकान मोमीन , जिम वाली गली, ग्राम लिसाडी थाना लिसाडी गेट, जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने विवाहिता से हुई लूट की घटना मे शामिल होना स्वीकार किया जिसके बाद उससे घटना में प्रयुक्त एक स्पलेन्डर मोटरसाइकिल बिना नम्बर व विवाहिता से लूटी दो जोडी पाजेब व तीन अंगुठिया बरामद की गई है।

हरियाणा से लापता वसीम की तांत्रिक ने कैराना में की हत्या

तांत्रिक की निशानदेही पर निर्माणधीन मकान के गड्ढे से निकाला वसीम का शव ले जाते हुए।

आरोपी तांत्रिक को लेकर जाते हरियाणा पुलिस के जवान और इनसेट में वसीम (फाइल फोटो)

● जनवाणी संवाददाता, कैराना

हरियाणा से लापता वसीम को तंत्र विद्या के बहाने हरियाणा से लाकर निर्माणाधीन मकान में निर्मम हत्या कर शव गड्ढे में दबा दिया गया था। हरियाणा पुलिस ने तांत्रिक की निशानदेही पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद आरोपी और शव को कब्जे में लेकर टीम वापस हरियाणा लौट गई।

मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे पानीपत के तहसीलदार प्यारेलाल के साथ सेक्टर-29 थाने के जांच अधिकारी एएसआई महिपाल सिंह टीम के साथ कैराना कोतवाली में पहुंचें। हरियाणा पुलिस अपने साथ कांधला निवासी एक तांत्रिक को भी लेकर आई थी। पुलिस ने तांत्रिक की निशानदेही पर नगर के मोहल्ला रेतेवाला में मुगल गार्डन मैरिज होम के निकट यूसुफ के निर्माणाधीन मकान का ताला तुड़वाया और मकान के अंदर बनाए गए स्टोर में खुदाई कराई गई। जहां से वसीम (30) निवासी मोहल्ला इमाम साहब, जाटल रोड, संजय चौक, पानीपत का शव बरामद कर बाहर निकाला गया। वसीम गत 31 दिसंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके बड़े भाई कल्लन ने सेक्टर-29 थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस वसीम की तलाश कर रही थी। पुलिस ने संदेह के चलते तांत्रिक सूफी दिलशाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। हरियाणा पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि बीते शनिवार को तांत्रिक सूफी दिलशाद तंत्र विद्या के बहाने वसीम को अपने साथ कैराना लाया था, जिसकी बीते शनिवार को आरोपी तांत्रिक ने अपने साथी फरमान के साथ मिलकर सिर में फावड़े से हमला करने के बाद रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। उसके बाद उक्त निर्माणाधीन मकान में ही दबा दिया था। फरार आरोपी का नाम फरमान बताया गया है। वहीं, हरियाणा पुलिस शव को गड्ढे से निकलवाकर तथा आरोपी को अपने साथ हरियाणा लेकर लौट गई। मृतक का पोस्टमार्टम हरियाणा में ही कराया जाएगा। इस दौरान कोतवाली के एसएसआई राजेश कुमार टीम के साथ मौजूद रहे। हरियाणा पुलिस का कहना है कि गुमशुदगी के मामले को हत्या में तरमीम करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

लोकेशन मिलने पर हरियाणा पुलिस ने डाला था डेरा

हरियाणा पुलिस को छानबीन के दौरान वसीम के मोबाइल नंबर की लोकेशन कैराना में मिली थी। तांत्रिक सूफी दिलशाद को भी हिरासत में लिया गया था, जिसकी निशानदेही पर एक दिन पूर्व हरियाणा पुलिस की टीम ने नगर के मोहल्ला खेलकलां, खेलखुर्द, इमामगेट व जामा मस्जिद क्षेत्र में दबिश दी थी। लेकिन वसीम का कोई सुराग नहीं लगने पर टीम वापस लौट गई। इसके बाद फिर से सूफी दिलशाद से कड़ाई से पूछताछ के बाद कैराना में टीम ने डेरा डाल लिया था। आखिकार शव को बरामद कर लिया गया।

कैराना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि हरियाणा पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ आई थी। स्थानीय पुलिस के साथ युवक वसीम के शव को गड्ढे से निकलवाया गया है। इसके बाद हरियाणा पुलिस शव लेकर चली गई है।

आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों पर लगे रासुका

● जनवाणी संवाददाता, मुजफ्फरनगर

थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव भूपखेड़ी में शनिवार देर रात शरारती तत्वों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी। रविवार को जब लोगों को इस बात की जानकारी हुई तो उनमें आक्रोश फैल गया। भूपखेड़ी में अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर रविवार शाम भीम आर्मी कार्यकताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया था। सीओ और नायब तहसीलदार ने समझाया था। सीओ बुढ़ाना और थाना रतनपुरी प्रभारी निरीक्षक और नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर भीम आर्मी कार्यकताओं को समझाया था। इसके बाद मेरठ से अंबेडकर की प्रतिमा मंगवा कर मौके पर प्रति स्थापित की गई थी। सोमवार को हिंद मजदूर किसान समिति सदस्यों ने एसएसपी ऑफिस पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर उनके आदर्श हैं। इसके साथ ही वह उनके पांचवें वेद संविधान के भी रचयिता है।

हिंद मजदूर किसान समिति सदस्यों ने कहा कि वह अंबेडकर का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। मांग की गई कि अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाले शरारती तत्वों की शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। हिन्द मजदूर किसान समिति सदस्यों ने अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने के आरोपियों की गिरफ्तारी कर एसएसपी से मांग की कि वह उनके विरुद्ध रासुका के तहत कार्रवाई कराएं। कहा कि अंबेडकर का अपमान देश का अपमान है। हिंद मजदूर किसान समिति इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

चोरी के मामले में तीन को सजा सुनाई

शामली : जनपद पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्तों को न्यायालय ने सजा के साथ अर्थदंड से दंड़ित किया है।

वर्ष 2017 को तीन आरोपियों नीरज पुत्र महेश निवासी समसपुर थाना फलावदा जनपद मेरठ, संदीप पुत्र कुंवरपाल निवासी थाना लोनी जनपद गाजियाबाद, कन्हैया पुत्र विजय निवासी उज्जैन थाना उज्जैन जनपद भरतपुर राजस्थान के खिलाफ धारा 380, 411, 457 के तहत थाना कांधला पर चोरी के मामले में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया था। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई करते हुए शामली पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। उक्त मुकदमें में आरोपियों को सजा कराए जाने के लिए एसपी अभिषेक ने शामली पुलिस को न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने के लिए निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में मंगलवार को न्यायालय ने अभियुक्तों को (चोरी करने के अपराध में) धारा 380 भादवि में 5 वर्ष 06 माह के कारावास व 2000-2000 रुपये का अर्थदंड, धारा 457 भादवि (घर में घुसकर चोरी करने के अपराध में) में 5 वर्ष 06 माह के कारावास व 2000-2000 रुपये का अर्थदंड एवं धारा 411 (चोरी का माल बरामद होना) में 3-3 वर्ष का कारावास व 500-500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अतिरिक्त कारावास का प्राविधान किया गया है ।

वहीं दूसरे मामले में वर्ष 1997 में आरोपी सादा पुत्र कल्लू निवासी दधेडूखुर्द थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध धारा 3/8 सीएस एक्ट व 11(1) पशुक्रूरता अधिनियम थाना आदर्शमंडी पर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया था। जिसके क्रम में मंगलवार को न्यायालय ने अभियुक्त को उपरोक्त अभियोग में 14 दिन का कारावास व 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है ।

दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री

ई-नीलामी बिक्री सूचना

सोमानिल कैमिकल्स लिमिटेड

CIN: U24119UP1999PLC024690

(14.12.2021 से परिसमापन के तहत)

परिसमापकः सीएस विकस कुमार गर्ग

आईपी पंजीकरण सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00738/2018-2019/12291

ईमेल आईडीः vikasgarg_k@outlook.com

नीलामी की तिथि और समयः मंगलवार, 31 जनवरी, 2023

दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज ने दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 33 के तहत 14 दिसंबर, 2021 के आदेश के तहत सोमानिल कैमिकल्स लिमिटेड, के परिसमापन शुरू करने का आदेश दिया था। यह नोटिस **सोमानिल कैमिकल्स लिमिटेड (परिसमापन में)** सीआईएनः U24119UP1999PLC024690 के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री के संबंध में है, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा परिसमापन संपदा का हिस्सा है।

परिसंपत्तियों की अनुसूची - ई-नीलामी (सभी राशि रुपये में हैं)

संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि (ईएमडी)	बोली वृद्धिशील राशि
प्लाट नं. एच-21 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र बेगराजपुर, मुजफ्फरनगर (लगभग 780 वर्ग मीटर का क्षेत्र) के साथ उपरोक्त भूमि और भवन पर मौजूद कारपोरेट देनदार के प्लांट और मशीनरी और स्टॉक-इन-ट्रेड के साथ। बिक्री की योजना सामूहिक आधार पर और केवल "जहाँ है जैसी है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जा रही है।	रु. 54,21,270/-	रु. 5,42,127/-	रु. 10,000/- या उसके गुणज
प्लाट नं. एच-23 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र बेगराजपुर, मुजफ्फरनगर (लगभग 1227 वर्ग मीटर का क्षेत्र) के साथ उपरोक्त भूमि और भवन पर मौजूद कारपोरेट देनदार के प्लांट और मशीनरी और स्टॉक-इन-ट्रेड के साथ। बिक्री की योजना सामूहिक आधार पर और केवल "जहाँ है जैसी है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर की जा रही है।	रु. 69,01,244/-	रु. 6,90,124/-	रु. 10,000/- या उसके गुणज

कृपया ध्यान दें: ई-नीलामी के माध्यम से परिसंपत्तियों की बिक्री सख्ती से "जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी आधार है" पर आयोजित की जायेगी। इसके अलावा, विस्तृत नियम और शर्तें, ई-नीलामी निविदा दस्तावेज और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण वेबसाइट https://nbid.nesl.co.in/app/login पर उपलब्ध हैं या नीचे उल्लिखित ईमेल पते पर परिसमापक तक पहुंच सकते हैं। आगे के स्पष्टीकरण के लिए, संबंधित पक्ष परिसमापक से ई-मेल आईडीः vikasgarg_k@outlook.com पर संपर्क कर सकते हैं।

हस्ता/-

सीएस विकास कुमार गर्ग

परिसमापक, सोमानिल कैमिकल्स लिमिटेड

दिनांक : 04.01.2023

स्थान : गाज़ियाबाद

पताः डी-214, भूतल, रामप्रस्थ, गाजियाबाद, यूपी-201011

मोबाईल नं.: 9999148006 | ईमेल : vikasgarg_k@outlook.com